11. काल

काल द्वारा क्रिया के होने के समय का पता चलता है। काल बताता है कि क्रिया किस वक्त हुई, हो रही है या होगी।

शिक्षण-संकेत

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को काल से परिचित करवाएँ।
- ❖ पाठ पृष्ठ 69 पर दिए वाक्यों को पढ़ें और काल स्पष्ट करें।
- ❖ काल की परिभाषा याद करवाकर सुनें।
- ❖ काल के भेदों के बारे में बताएँ। पाठ पृष्ठ 70-71 पर दिए भेदों द्वारा क्रिया के भेदों को स्पष्ट रूप से समझाएँ।
- ❖ वाक्य बोलें तथा बच्चों से उनका काल बताने को कहें।
- ❖ सभी बच्चों से प्रश्न करें। उत्तर देने का समुचित समय दें।
- ❖ 'आपने सीखा' द्वारा पाठ के मुख्य बिंदुओं की दोहराई करा लें।
- ❖ अभ्यास जाँचें तथा त्रुटि होने पर सुधार करवाएँ।